महत्वपूर्ण एवं खास

प्रदेश के एक दो स्थानों में बारिश की संभावना

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी रायपुर में तेज धूप के कारण उमस भरी गर्मी फिर से महसूस होने लगी है। बुधवार शाम रायपुर में लगभग 2 घंटे तक झमाझम हुई बारिश के बाद गुरुवार शाम के समय हल्की बूंदाबांदी हुई थी. जिसके बाद सुबह फिर से तेज धूप निकली हुई है. गर्मी का एहसास सुबह से ही होने लगा है. मौसम विभाग की माने तो शुक्रवार को प्रदेश के एक दो स्थानों पर आकाशीय बिजली गिरने के साथ ही भारी बारिश हो सकती है. दूसरे कई क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश होने का अनुमान है। मौसम वैज्ञानिक एचपी चंद्रा ने बताया मानसून द्रोणिका मध्य समुद्र तल पर दक्षिण पूर्व पाकिस्तान के ऊपर स्थित है. चिन्हित निम्न दाब के केंद्र नारनौल, इटावा, वाराणसी, गया, दीघा और उसके बाद पूर्व दक्षिण पूर्व की ओर उत्तर बंगाल की खाड़ी तक स्थित है. दक्षिण झारखंड के ऊपर एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती घेरा 4.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है. जिसके प्रभाव से शुक्रवार को प्रदेश के कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पडऩे की संभावना है. इस दौरान प्रदेश के एक दो स्थानों पर आकाशीय बिजली गिरने के साथ ही भारी बारिश हो सकती है।

चेक डैम में मिली मासूम की लाश

बिलासपुर (आरएनएस)। बिलासपुर के देवरीखुर्द पंप हाउस के पास रहने वाली 6 वर्षीय पायल लहरें की लाश देवरीखुर्द चेक डैम में मिली है । पायल गुरुवार दोपहर से लापता थी। वह चेक डैमतक कैसे पहुंच गई यह हैरानी की बात है । गुरुवार दोपहर से लापता हुई बच्ची की तलाश परिजन कर रहे थे । बताया जा रहा है कि इस दौरान बच्ची की मां बार-बार अपने पति पर ही संदेह जता रही थी, यही वजह है कि पुलिस भी संदेह के आधार पर पायल लहरें के पिता को थाने ले गई थी। इसी बीच शुक्रवार सुबह चेक डैम में बच्ची की लाश मिली। आसपास के लोग संदेह जता रहे हैं कि हो सकता है बच्ची के पिता ने ही उसकी हत्या कर उसकी लाश को नदी में फेंक दिया हो । यह भी संभव है कि दुर्घटना वश पायल नदी में डूब गई हो।

मुठभेड़ व अन्य वारदातों में शामिल एक वारंटी नक्सली गिरफ्तार

बीजापुर (आरएनएस)। जिले में संचालित नक्सली उन्मूलन अभियान के तहत थाना जांगला और केंद्रीय रिजर्व पुलिस 222/ एसमवाय के जवान सर्चिंग के दौरान ग्राम कोड्रोजी से नक्सली किक्का उर्फ दियारी उम्र 32 को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सली किक्का उर्फ दियारी कई नक्सली वारदातों में शामिल था, जिसमें 08 मार्च 2016 को भुर्रीपानी और कोटमेटा मुठभेड़ में शामिल था, 16 अगस्त 2022 को कोड्रोजी में बन रहे सडक़ निर्माण को भी नुकसान पहुंचाने में शामिल था।

सेना भर्ती रैली : ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन के लिए अंतिम तिथि 3 सितम्बर

गरियाबंद (आरएनएस)। सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा भारतीय अग्निवीर (सेना) भर्ती रैली का आयोजन 13 से 22 नवम्बर 2022 तक रायपुर में किया जा रहा है, जिसमें अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर टेक्नीकल, अग्निवीर क्लर्क/स्टोर कीपर टेक्नीकल एवं अग्निवीर ट्रेडमेन के पदों पर भर्ती की जायेगी। इस भर्ती रैली में सम्मिलित होने हेतु अभ्यर्थी का अनिवार्य योग्यता 8वीं/10वीं/12वीं तथा अभ्यर्थी का जन्म 1 अक्टूबर 1999 से 1 अप्रैल 2005 के मध्य होना चाहिए। इस भर्ती रैली में सम्मिलित होने हेतु आवेदकों का ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन वेबसाईट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट ज्वॉइनइंडियनआर्मी डॉट एनआईसी डॉट इन में करना अनिवार्य है। ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन के लिए अंतिम तिथि 03 सितम्बर 2022 है। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा आवेदकों की सुविधा के लिए अग्निवीर (सेना) भर्ती का नि:शुल्क ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन हेतु अलग से काउंटर की व्यवस्था की गई है।

ब्लाइंड मर्डर का खुलासा... लैलूंगा में मिले अज्ञात पुरूष के शव की शिनाख्तगी पश्चात हुआ हत्या का पटाक्षेप

- ❑ जमीन, मकान बटवारे को लेकर मृतक की चचेरी बहन और भतीजा ने बनाई थी हत्या की योजना
- ❑ आरोपी महिला और युवक गिरफ्तार, हत्या में शामिल एक आरोपी फरार
- ❑ लैलूंगा के चारगोड़ा रोड तालाब के पास मिला था अज्ञात पुरुष का शव

रायगढ़। दिनांक 02.08.2022 को थाना लैलूंगा क्षेत्र अंतर्गत साप्ताहिक बाजार लैलूंगा के आगे चारगोड़ा रोड तालाब के पास एक अज्ञात पुरुष उम्र करीब 30-32 वर्ष का शव सड़े गले हालत में चित अवस्था में पड़ा मिला था। शव के सड़े गले हालत में होने से प्रारंभिक पूछताछ दौरान अज्ञात मृतक के वारिसान का पता नहीं लग पाया था। एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के सुपरविजन एवं मार्गदर्शन पर लैलूंगा पुलिस द्वारा लगातार मृतक के वारिसानों की शिनाख्तगी में लगी रही। इसी बीच बाजारपारा लैलूंगा का शेखर महंत के कुछ दिनों से लापता की सूचना लैलूंगा पुलिस को मिली जिसकी पत्नी से संपर्क का प्रयास किया गया जो कुछ दिनों से सारंगढ़ में होने की जानकारी मिलने पर महिला एवं उसके घरवालों को तलब किया गया। दिनांक 19/08/2022 को गीता महंत पति शेखर महंत निवासी बाजारपारा वार्ड क्र0 11 लैलूंगा एवं उसके परिजन थाना आये जो मृतक के शव के फोटोग्राफ्स, शव से जप्त कपड़े हुलिया आदि से मृतक की पहचान शेखर महंत (उम्र 32 वर्ष) निवासी बाजारपारा लैलूंगा के रूप में किये। मृतक के भाई अर्जुन दास, संजू दास, बहन अमिना, संगीता दास अज्ञात मृतक के शेखर महंत के रूप में पहचान कर बताये दिनांक 28/07/2022 के शाम 06-07 बजे घर से बिना बताये निकला और वापस घर नहीं आया था। मृतक के वारिसान मृतक का उसकी चचेरी बहन, भतीजे से जमीन, मकान विवाद की भी जानकारी देकर उन पर हत्या का संदेह जताया गया था। लैलूंगा पुलिस द्वारा मृतक के वारिसानों से मिली जानकारी पर सभी पहलुओं पर जांच कर रही थी। इसी दरम्यान मुखबिर द्वारा घटना दिनांक 28.07.2022 के शाम मृतक के भतीजा/संदेही जितेन्द्र महंत एवं एक अन्य युवक को चारगोड़ा रोड तालाब के पास देखना बताया। लैलूंगा पुलिस संदेही की पता तलाश करते ग्राम कालिया थाना नारायणपुर जिला जशपुर पहुंची। जहां जितेन्द्र लैलूंगा पुलिस को देख घबरा गया और पुलिस की कड़ी पूछताछ पर अपनी बुआ मोगरा महंत के साथ रिस्ते के चाचा शेखर महंत की हत्या की योजना बनाकर अपने मामा के लड़के देवनारायण महंत निवासी पत्ताकेला थाना बगीचा, जशपुर के साथ हत्या करना कबूल किया। मामले में दिनांक 25.08.2022 को लैलूंगा थाना प्रभारी नारायण सिंह मरकाम द्वारा मर्ग जांच, मृतक की पत्नी के रिपोर्ट पर आरोपिया मृतक की चचेरी बहन मोगरा महंत एवं भतिजा जितेन्द्र महंत पर योजनाबद्ध तरीके से षडयंत्रपूर्वक शेखर महंत की हत्या करना एवं साक्ष्य छिपाने का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया जिसके तत्काल बाद आरोपी जितेंद्र उर्फ पिंटू दास महंत एवं आरोपिया मोगरा महंत को हिरासत में लिया गया।

आरोपी जितेंद्र उर्फ पिंटू दास महंत पिता कामता दास महंत उम्र 30 वर्ष निवासी बाजार पारा वार्ड क्रमांक 10 लैलूंगा हाल मुकाम कालिया थाना नारायणपुर जिला जशपुर अपने मेमोरेंडम कथन में घटना का वृत्तांत बताया कि उसके पिता के चाचा के लड़के शेखर दास (मृतक) उसके भाई अर्जून दास, संजू दास, बहन अमिना, संगीता दास के साथ इसकी बुआ मोगरा महंत (आरोपिया) और इसके साथ सम्लाती जमीन, मकान का बंटवारे का विवाद था, इस विवाद को लेकर आए दिन चाचा शेखर दास महंत बुआ मोगरा बाई और इससे लड़ाई झगड़ा करता था जिस कारण बुआ मोंगरा महंत, चाचा शेखर दास महंत को मारने की योजना सावन माह पहले बनाए थे चाचा शेखर की हत्या के लिए अपने मामा के लड़का देवनारायण महंत निवासी पत्ताकेला थाना बगीचा को बताया और योजना में साथ मिलाया फिर दोनों दिनांक 28.07.2022 के शाम करीब 7:00 बजे मोटर सायकल से दोनों (जितेंद्र महंत और देवनारायण महंत) पत्ताकेला से लैलूंगा आए और शेखर महंत के चारगोड़ा बाजारपारा तरफ आने का इंतजार कर तालाब के पास छुपे बैठे थे, रात्रि करीब 9:00 बजे शेखर महंत बस्ती के तरफ से आया जिसे जितेंद्र उर्फ पिंटू दास महंत अपने पास रखे लोहे के राड से दाहिने कंधे, सिर के पीछे मारा जो वहीं गिर गया तब देवनारायण मींत अपने पास रखे गमछा से शेखर के गला को फंसा कर खींचा जिससे वहीं शेखर फौत हो गया। शव को झाड़ियों के झुंड बीच फेंक कर वहीं कुछ दूर पर रॉड, गमछा को छुपाकर मोटरसाइकिल में बैठकर बगीचा चले गए, आरोपी के मेमोरेंडम पर घटना में प्रयुक्त लोहे का राठौर गमछा बरामद किया गया है। फरार आरोपी की लैलूंगा पुलिस सरगर्मी से पतासाजी किया जा रहा है। गिरफ्तार दोनों आरोपियों को धारा 302, 201, 120 बी, 34 भादवि के अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

राज्य प्रशासनिक सेवा के 19 अफसरों के स्थानांतरण

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार राज्य प्रशासनिक सेवा के 19 अधिकारियों को नए स्थान पर पदस्थ किया गया है।

जारी आदेश के अनुसार श्रीमती निष्ठा पांडेय तिवारी संयुक्त कलेक्टर राजनांदगांव को संयुक्त कलेक्टर प्रस्तावित नवीन जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ पदस्थ किया गया है। श्रीमती ज्योति सिंह संयुक्त कलेक्टर बेमेतरा को उपायुक्त संभागीय आयुक्त कार्यालय रायपुर पदस्थ किया गया है। प्रकाश सिंह राजपूत संयुक्त कलेक्टर राजनांदगांव को संयुक्त कलेक्टर प्रस्तावित नवीन जिला खैरागढ़ छुईं खदान गंडई पदस्थ किया गया है। भागवत प्रसाद जायसवाल संयुक्त कलेक्टर महासमुंद को संयुक्त कलेक्टर प्रस्तावित नवीन जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ नियुक्त किया गया है। डॉक्टर सुभाष राज उप सचिव माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर को संयुक्त कलेक्टर बिलासपुर पदस्थ किया गया है। सुनील कुमार शर्मा संयुक्त कलेक्टर राजनांदगांव को संयुक्त कलेक्टर प्रस्तावित नवीन जिला खैरागढ़ पदस्थ किया गया है। सुश्री प्रेमलता संयुक्त कलेक्टर बालोद को संयुक्त कलेक्टर प्रस्तावित नवीन जिला मोहला मानपुर पदस्थ किया गया है। श्रीमती अंशिका पांडे संयुक्त कलेक्टर बिलासपुर को सामान्य प्रशासन विभाग छत्तीसगढ़ मंत्रालय नवा रायपुर पदस्थ किया गया है। ऋशा ठाकुर संयुक्त कलेक्टर गरियाबंद को संयुक्त कलेक्टर रायगढ़, स्निग्धा तिवारी संयुक्त कलेक्टर रायगढ़ को संयुक्त कलेक्टर प्रस्तावित नवीन जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़, रामप्रसाद आंचला संयुक्त कलेक्टर जांजगीर चांपा को संयुक्त कलेक्टर प्रस्तावित नवीन जिला मोहला मानपुर, भूपेंद्र कुमार साहू सचिव छत्तीसगढ़ तेलगानी विकास बोर्ड रायपुर को संयुक्त कलेक्टर प्रस्तावित नवीन जिला मोहला मानपुर, नेहा कपूर डिप्टी कलेक्टर महासमुंद को डिप्टी कलेक्टर प्रस्तावित नवीन जिला खैरागढ़, खम्मनलाल सोरी डिप्टी कलेक्टर बलोदा बाजार भाटापारा को डिप्टी कलेक्टर प्रस्तावित नवीन जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़, श्रीमती आभा तिवारी अवर सचिव राज्य सूचना आयोग को डिप्टी कलेक्टर प्रस्तावित नवीन जिला खैरागढ़, हेमेंद्र भूआर्य डिप्टी कलेक्टर राजनांदगांव को डिप्टी कलेक्टर प्रस्तावित नवीन जिला मानपुर, अमित नाथ योगी डिप्टी कलेक्टर राजनांदगांव को डिप्टी कलेक्टर मोहला मानपुर, टंकेश्वर प्रसाद साहू डिप्टी कलेक्टर राजनांदगांव को डिप्टी कलेक्टर खैरागढ़ तथा रेणुका रात्रे सहायक संचालक कार्यालय आयुक्त आदिमजाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग नवा रायपुर अटल नगर को डिप्टी कलेक्टर प्रस्तावित नवीन जिला खैरागढ़ छुईखदान पदस्थ किया गया है।

छत्तीसगढ़ एवं सीमावर्ती 6 राज्यों से रिकव्हर किए गए तकरीबन 23 लाख रूपए की 150 गुम हुए मोबाइल

- ❑ रायगढ़ साइबर सेल की टीम ने अब तक रिकार्ड 1200 से अधिक गुम मोबाइल की रिकव्हर

रायगढ़। पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन पर रायगढ़ की साइबर सेल टीम लगातार गुम हुये मोबाइलों को ट्रैक कर कोरियर एवं पुलिस टीम भेजकर वापस मंगाये जा रहे हैं। गुम मोबाइलों को रिकव्हर करने के एसपी रायगढ़ के दिये गये टास्क पर सायबर सेल एवं चौकी प्रभारी जूटमिल उप निरीक्षक कमल किशोर पटेल द्वारा अपनी टीम के साथ बीते महीनों में 151 नग गुम मोबाइल (कीमत करीब 23 लाख) को टैक किया गया जिसे छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों एवं दिगर प्रांतों से रिकव्हर किया गया है। रायगढ़ की सायबर सेल द्वारा अब तक रिकार्ड 1251 गुम हुये मोबाइलों को रिकव्हर किया गया जिसका वर्तमान बाजार मूल्य करीब 1.75 करोड रूपये होगा।

रायगढ़ साइबर सेल की टीम गुम हुये मोबाइलों को ट्रेक कर उनका उपयोग कर रहे लोगों से संपर्क कर कोरियर अथवा संबंधित थाने के स्टाफ से उन्हें साइबर सेल रायगढ़ मंगवाया जा रहा है। करीब दो माह के अंतराल में प्रदेश के कई जिलों समेत सीमावर्ती राज्य ओड़िशा, झारखंड, एमपी, यूपी तथा पश्चिम बंगाल, बिहार से गुम हुये 151 मोबाइलों को रिकवर किया गया है, जिनका वर्तमान में बाजार मूल्य लगभग 23,01,000 (तेइस लाख एक हजार रूपये) है। बरामद मोबाइलों में कुछ मोबाइल चोरी कर उपयोग में लाये जाने की भी शिकायत प्राप्त हुई है, इस संबंध में संबंधित थाना प्रभारियों को अपराध दर्ज कर विधिसम्मत कार्यवाही का निर्देश दिया गया है।

आज पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले द्वारा गुम मोबाइल उनके वास्तविक स्वामियों को वापस कर उन्हें दोबारा मोबाइल नहीं गुमाने की समझाश दिये। एसपी मीणा मीडिया से चर्चा कर बताये कि "आज के समय में मोबाइल काफी महत्वपूर्ण वस्तु है लोगों के कम्युनिकेशन के साधन के साथ-साथ लोग इसमें कई महत्वपूर्ण डाटा स्टोर कर रखते हैं, जिनके गुम हो जाने पर काफी असुविधा होती है। आज जिन्हें मोबाइल मिल रहा है उसमें कई लोवर मिडिल क्लाश के व्यक्ति भी हैं जिनका 12000 से 15000 रूपये तक का मोबाइल गुम हो जाना काफी परेशानी भरा था, गुम मोबाइल मिलने से वे काफी खुश हैं, जिनके मिलने की उम्मीद भी वे लोग छोड़ चुके थे"। एसपी मीणा द्वारा कहा गया कि किसी और की मोबाइल का प्रयोग करना गैरकानूनी है यदि किसी को गुम मोबाइल मिलता है तो नजदीकी थाने, साइबर सेल में जाकर जमा कर दें। मीणा साबइर सेल की टीम को बधाई देते हुये और भी गुम मोबाइल खोजने प्रेरित किये। अपना गुम हुआ मोबाइल पाकर मोबाइल स्वामी काफी खुश नजर आये। कुछ मोबाइल स्वामी बताये कि वे बैंक फायनेंस कर मोबाइल खरीदे थे, दुबारा मिलने का विश्वास नहीं था, कई मोबाइल स्वामी मोबाइल पर निजी डाक्युमेंट, फोटो/विडियो के गैर हाथों में जाने से चिंतित थे। गुम मोबाइल मिलने के बाद सभी एसपी अभिषेक मीणा के चेम्बर से सभी मोबाइल स्वामी एक मुस्कान के साथ बाहर आये और सभी ने रायगढ़ पुलिस और साइबर सेल की टीम को साधुवाद दिये। गुम मोबाइल रिकव्हर करने में साइबर सेल प्रभारी एसआई के.के. पटेल एवं उनकी टीम के प्रधान आरक्षक राजेश पटेल, दुर्गेश सिंह, महिला प्रधान आरक्षक रेणु मंडावी तथा आरक्षक प्रशांत पंडा, मुकेश साहू, राजकुमार साव, बृजलाल गुर्जर, धनंजय कश्यप एवं महिला आरक्षक मेनका चौहान का सराहनीय योगदान रहा है। साइबर सेल प्रभारी एसआई के.के. पटेल बताये कि कुछ ऐसे मोबाइल स्वामी भी थे जिन्हें साइबर सेल उनका मोबाइल दोबारा खोजकर मोबाइल वापस किया गया है। कई और मोबाइल टैक किया जा चुका है जिन्हें वापस मंगाया जा रहा है।

बरमकेला पुलिस के हाथ आया मोटर पम्प चोर गिरोह के 4 आरोपी

- ❑ चार पहिया वाहन में घूम-घूमकर करते थे खेत, नाला किनारे और सुने बोर घर से मोटर पम्प की चोरी
- ❑ आरोपियों से 15 और 5 हार्स पावर के 4 नग मोटर पम्प और छोटा हाथी पिकअप वाहन जब्त

रायगढ़। पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन एवं एसडीओपी सारंगढ़ प्रभात पटेल के मार्गदर्शन पर बरमकेला पुलिस द्वारा मुखबिर लगाकर ग्राम पंचायत सिंगारपुर आसपास मोटर पम्पों की चोरी करने वाले चोर गिरोह के चार आरोपियों को पकड़ा गया है, जिनसे 4 नग मोटर पम्प एवं चोरी में प्रयुक्त छोटा हाथी वाहन की जप्ती की गई है।

मोटर पम्पों की चोरी के संबंध में दिनांक 04.08.2022 को रिपोर्टकर्ता रामकुमार पटेल निवासी ग्राम सिंगारपुर गांव के कुछ लोगों के साथ थाना बरमकेला आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि ग्राम पंचायत द्वारा पानी पंप सप्लाई हेतु 15-15 हार्स पावर का 2 मोटर पम्प किंगकारी नाला के किनारे लगाये थे। मोटर पम्प को पक्के मकान का कमरा बनाकर ताला लगाये थे जिसे दिनांक 03-04/08/2022 के दरम्यानी रात कुछ लोग चार पहिया वाहने से चोरी कर ले गये हैं साथ ही इसका स्वयं का तथा गांव के घनश्याम पटेल, थानसिंह पटेल, बंशीधर पटेल, ओमप्रकाश पटेल का 5 हार्स पावर का मोटर पम्प और एक 2 हार्स पावर का मोटर पम्प (कुल 8 नग) कुछ दिनों में चोरी होना बताया। रिपोर्टकर्ता द्वारा यह भी बताया कि चोर मोटर पम्प को पाना, पेचकस से चोरी कर ले गये तथा कुछ दूर पर पिकप या मार्सल वाहन के टायर के निशान देखे गये हैं। गांव का संतराम यादव रात में चोरो को चार पहिया वाहन से बडी तेजी से भागते देखना बताया। थाना बरमकेला में अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध अप.क्र. 287/2022 धारा 457,380 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया।

चोरी के माल मुल्जिम पतासाजी के लिये थाना प्रभारी बरमकेला निरीक्षक एल.पी. पटेल द्वारा मुखबिर लगाकर पतासाजी किया गया जिस पर आरोपियों के सराईपाली, महासमुंद के होने तथा गिरोह के रूप में चोरियों को अंजाम देने की जानकारी हुई। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन पर बरमकेला पुलिस द्वारा थाना प्रभारी एल.पी. पटेल के नेतृत्व में संदेहियों की गिरफ्तारी के लिये सारंगढ़ सराईपाली और ओड़िश के बरगढ़ में दबिश देकर चार संदेही विक्रम भट्ट निवासी ग्राम लिंमगांव थाना केडार, मोनू उर्फ सोहन देवार , दयालु भट्ट, सोनारू उर्फ राजू देवार जिला महासमुंद को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर अपने 4 अन्य साथियों के साथ मिलकर दिनांक 04.08.2022 की रात्रि ग्राम सिंगारपुर किंगकारी नाला के किनारे लगे 8 मोटर पंप कीमती रु.95000 को पाना पेचकस से खोलकर अपने साथ चोरी कर छोटा हाथी वाहन में चोरी कर ले जाना बताएं। आरोपियों के मेमोरेंडम से 4 नग मोटर पंप कीमती रु.72,000 तथा घटना में प्रयुक्त टाटा एस वाहन कीमती रु.3,00,000 का बरामद कर दिनांक 25.08.2022 को आरोपियों को गिरफ्तार कर नकबजनी के उपरोक्त अपराध में न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। फरार चार अन्य आरोपियों की पतासाजी के लिए थाना प्रभारी बरमकेला निरीक्षक एल.पी. पटेल अपने मुखबिर एवं स्टाफ को लगाये हैं। आरोपियों की पतासाजी, गिरफ्तारी एवं चोरी गये मशरूका की बरामदगी में थाना प्रभारी बरमकेला निरीक्षक एल.पी. पटेल, प्रधान आरक्षक सोनसाय यादव, कुंवर टोप्पो, आरक्षक कन्हैया कुमार चौहान, विजय कुमार यादव, सुदर्शन राना, अशोक कुमार पटेल, चित्रसेन देवांगन, सूरज कुमार सिदार एवं सुरेंद्र सिदार की अहम भूमिका रही है।

लैलूंगा के ग्राम सोनाजोरी में मिला अधेड़ महिला का शव

- ❑ पिता की हत्या कर हुआ बेटे पर फरार होने का संदेह, फरार संदेही की तलाश में जुटी लैलूंगा पुलिस

रायगढ़। दिनांक 25.08.2022 को थाना लैलूंगा में ग्राम सोनाजोरी के बथानपारा चमारसाय पन्ना का बाडी गोडा पर एक महिला का शव पड़े होने की सूचना मिली। थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक नारायण सिंह मरकाम, उप निरीक्षक बलदेव सिंह पैंकरा एवं हमराह स्टाफ मौके पर पहुंचे। मृतिका की पहचान जामदाई पति सुखनाथ कांडरा उम्र 50 वर्ष सा. चिराईखार थाना – लैलूंगा के रूप में हुआ। घटना के संबंध में मृतिका के बेटे राजेन्द्रो कुमार कांडरा (30 साल) मौके पर घटना के संबंध में रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि वह ग्राम चिराईखार सुकवासु पारा में रहता है। कल दिनांक 24/08/2022 के सुबह लगभग 11/00 बजे इसकी मां जामदाई और पिता सूरजनाथ रूपयों की व्यवस्था करने सोनाजोरी जा रहे हैं कहकर सायकल पर घर से निकले थे। शाम तक वापस नहीं आये। तब बस्ती में आसपास देखा परंतु कोई पता नहीं चला। दूसरे दिन सबेरे सोनाजोरी, बैस्कीमुड़ा, मुकडेगा रिस्तेदार के यहां जाकर पता किया, पता नहीं चलने पर वापस आया तो सोनाजोरी के बथानपारा में चमारसाय पन्ना के मूंगफली गोड़ा बर पेड़ के नीचे कोई महिला मरी पड़ी होने की जानकारी मिला, तब जाकर देखा। मृत महिला इसकी मां जामदाई थी। वहां चूड़ी टूटा हुआ, चप्पल छुटा हुआ तथा खून दिख रहा था। पिता जी नहीं थे इसे शंका है कि इसके पिता सुखनाथ कांडरा ही इसकी मां को मारपीट कर हत्या किया है। रिपोर्ट पर संदेही सुखनाथ कांडरा के विरूद्ध हत्या का अपराध दर्ज कर संदेही की पतासाजी कर रही है।

अपने बच्चों को दें बेहतर खानपान की सीख, मौसमी बीमारियों से कम होंगे बीमार

- ❑ अधिक एंटीबायोयटिक दवाओं का सेवन ठीक नहीं: डॉ. एमएम श्रीवास्तव

रायगढ़। शहर में पिछले एक महीने के दौरान मौसम में आए बदलाव के साथ बच्चों में वायरल फीवर के केस बढ़े हैं। आमतौर पर तीन से सात दिनों में ठीक होने वाले बच्चों को फिलहाल 10-15 दिन लग रहे हैं। किसी किसी को बुखार ठीक होने के बाद सर्दी और खांसी सही होने में पंद्रह दिन से ज्यादा लग रहे हैं। डाक्टरों के अनुसार ऐसी स्थिति से बचने के लिए बच्चों में बेहतर और स्वस्थ खानपान की आदत डालने चाहिए। बेहतर खान पान से बच्चे मौसमी बीमारियों से कम बीमार पड़ेंगे।

इस सम्बन्ध में 5 दशक से बच्चों को चिकित्सीय परामर्श दे रहे वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. मनमोहन श्रीवास्तव (एमडी, शिशु रोग) बताते हैं: " कोई भी वायरस हर साल बदलाव करता है। इस समय बच्चों में जो वायरल इंफेक्शन देखा जा रहा है, वह पिछले वर्षों की तुलना में थोड़ा अलग है। दरअसल, जितने भी बीमार बच्चों का हमने इलाज किया है उनमें सर्दी, खांसी ठीक होने के 7 दिन से अधिक समय लगा। कई मामलों में संक्रमण सांस नलियों को नुकसान पहुंचा रहा है, हालांकि यह घबराने वाली बात नहीं है। इस साल बच्चों को ज्यादा बुखार और सर्दी हो रही है। दो साल तक बच्चे बेहतर में माहौल में थे। खानपान घर का था तो उनकी इम्युनिटी बेहतर थी। कोरोना संक्रमण के कम होने से बच्चों के खानपान में बदलाव आया है और बाहरी खानपान का चलन तेजी बढ़ गया है। इस कारण बच्चों में बुखार, सर्दी-खांसी और टायफाइड के लक्षण आम है। अभी का बुखार लंबा खींच रहा है। ऐसे पालकों को सतर्क रहने की जरूरत है और बच्चों को बेहतर खानपान की सीख देनी चाहिए इससे मौसमी बीमारियों से बीमार पड़ने की सम्भावना कम रहती है।"

सेल्फ मेडिकेशन से बचें पालक- राज्य के वरिष्ठ शिशु रोग चिकित्सकों में शुमार डॉ. श्रीवास्तव ने आगे बताया: "आजकल पालक बहुत जल्द परेशान हो जाते हैं। वो सामान्य सर्दी-बुखार में भी डॉक्टर की दौड़ लगाते हैं। अभी एक बच्चे लेने का चलन है और पालक कामकाजी भी हो गए हैं जिसके कारण वे बच्चों को लेकर अधिक परेशान रहते हैं। घर में बड़े-बुजुर्गों भी नहीं होने के कारण उन्हें कोई सलाह नहीं दे पाता कि कई बीमारियां को घरेलू नुस्के और परहेज से ठीक हो जाती हैं। इससे विकट स्थिति तो पालकों द्वारा ऑनलाइन सर्च कर सेल्फ मेडिकेशन (खुद में डाक्टर बन जाना और दवा दुकान से दवा लेना) कर लेना है जो सही नही है। बच्चों के मामले में सजग रहना जरूरी है लेकिन अत्यधिक परेशान होना और इंटरनेट का सहारा लेना गलत। नेट में आपको सामान्य सी चीज बहुत बड़ी लगेगी और अनावश्यक डर लगेगा कई बार उसी को सच मानकर आपसे बहुत बड़ी गलती हो सकती है। टेस्ट रिपोर्ट को डॉक्टर ही बेहतर तरीके से समझा सकेगा। डॉक्टर रोग की पहचान करता है उसकी जांच करता है फिर उसके अनुसार इलाज करता है।"

बच्चों के स्वास्थ्य के साथ न करें खिलवाड़- डॉ. मनमोहन श्रीवास्तव ने बताया: "वायरल फीवर को ठीक होने में 5 दिन तक लगते हैं। जिसमें एंटीबायोटिक दवाओं की जरूरत नहीं होती है। लेकिन पालकों को जल्द से जल्द बच्चे के स्वास्थ्य में सुधार चाहिए क्योंकि आजकल ज्यादातर पालक कामकाजी है और उन्हें छुट्टी लेने में समस्या होती है तो उनके दबाव में एंटीबायोटिक देने का चलन बढ़ गया है। इसका पांच दिन का कोर्स होता है जिसे पूरा करना होता है पर ज्यादातर लोग कोर्स पूरा नहीं कर पाते। एंटीबायोटिक बच्चे के यूरिन और ब्लड टेस्ट को प्रभावित करते हैं। बच्चों में एंटीबोयटिक दवाओं के दुरूपयोग को रोकें। वैसे भी किसी भी दवा को असर करने में 48 घंटे लगते हैं। लोग अपने चिकित्सक पर विश्वास रखें और हड़बड़ाकर अपने बच्चों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ न करें।"

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480